प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 16.07.2026
समय : 09:00 ए.एम.

- रेल मंत्रालय ने रेल टिकट बुकिंग को आसान बनाने के लिए आईआरसीटीसी की वेबसाइट का नया वर्जन जारी किया।

- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए।

- राज्य में आज मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस आयोजित किया जाएगा।

- विश्व प्रसिद्ध जगन्नाथ रथ यात्रा का आयोजन आज ओडिशा के पुरी में–प्रदेश के विभिन्न कृष्ण मंदिरों से भी रथ यात्राएं निकाली जायेंगी।

रेल मंत्रालय ने रेल टिकट बुकिंग को आसान और अधिक सुविधाजनक बनाने के लिए भारतीय रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन– आईआरसीटीसी की वेबसाइट का एक नया वर्जन जारी किया है। आईआरसीटीसी ने इस वर्जन में चार बड़े सुधार किए हैं। पहला इसमें कठिन कैप्चा, पॉप–अप या ध्यान भटकाने वाली दूसरी चीजें नहीं हैं। साथ ही यात्री सभी क्लास में सीट की उपलब्धता देख सकते हैं। इसमें टिकट बुक करने के लिए जरूरी स्टेप्स की संख्या कम है और वेबसाइट पर यात्रियों की जानकारी सेव हो जायेगी, जिससे दोबारा बुकिंग करना आसान होगा। मौजूदा वेबसाइट के होमपेज पर भी इस नए बीटा वर्जन का लिंक उपलब्ध है। मंत्रालय ने उपयोगकर्ताओं से इसके आसान फीचर्स पर फीडबैक देने का अनुरोध किया है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने यमुना जल परियोजना के क्रियान्वयन को मिशन मोड में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि यह परियोजना शेखावाटी क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक और दूरगामी महत्व की है। उन्होंने अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, फील्ड में जाकर कार्यों की प्रगति सुनिश्चित करने और परियोजना को तय समयसीमा में आगे बढ़ाने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने समझौते के अनुरूप सभी आवश्यक प्रक्रियाओं को प्राथमिकता से पूरा करने और जरूरत के अनुसार पर्याप्त मानव संसाधन उपलब्ध कराने पर भी जोर दिया।

केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि भारत और यूके के बीच हुआ मुक्त व्यापार समझौता देश की आर्थिक प्रगति का नया अध्याय है। उन्होंने जयपुर एयरपोर्ट पर मीडिया से बातचीत में कहा कि इस समझौते से व्यापार को बढ़ावा मिलेगा और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। श्री शेखावत ने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी साख मजबूत की है और इसी नीति के तहत अनेक देशों के साथ व्यापारिक सहयोग का दायरा लगातार बढ़ रहा है। भारत और ब्रिटेन के बीच हुए मुक्त व्यापार समझौते के तहत कल जयपुर से ब्रिटेन के लिए पहली निर्यात खेप रवाना की गई। यह खेप जयपुर के कनकपुरा स्थित कॉनकॉर डिपो से हरी झंडी दिखाकर रवाना की गई। पहली खेप में चार कंटेनरों के माध्यम से हस्तशिल्प, रत्न–आभूषण और औषधि क्षेत्र से जुड़े उत्पाद भेजे गए।

जयपुर में आपातकालीन क्रेडिट लाइन गारंटी योजना पर राज्य स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने योजना की उपयोगिता और एमएसएमई क्षेत्र को मिलने वाले लाभों की जानकारी दी। मुख्य सचिव ने कहा कि यह योजना सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने और उनकी आर्थिक गतिविधियों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका

निभा रही है। उन्होंने कहा कि योजना से उद्यमों को कारोबार बढ़ाने, रोजगार सृजन और प्रदेश के आर्थिक विकास को मजबूती मिल रही है।

.....

राज्य में आज मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण दिवस आयोजित किया जाएगा। इस दौरान गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं और बच्चों को स्वास्थ्य और पोषण संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, 15 जुलाई से शुरू हुए गर्भवती महिलाओं की सघन स्क्रीनिंग के पांच दिवसीय विशेष अभियान की भी निगरानी की जाएगी। इसके लिए निदेशालय से 15 चिकित्सकों के दल फील्ड में भेजे गए हैं। राज्य, जिला और ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी स्वास्थ्य संस्थानों का निरीक्षण करेंगे। इस दौरान प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की पहचान पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।

जयपुर में आज विदेश सम्पर्क स्टेट आउटरीच कॉन्फ्रेन्स आयोजित की जा रही है। विदेश मंत्रालय और राजस्थान सरकार की ओर से ये कॉन्फ्रेन्स राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में होगी। इसमें सुरक्षित प्रवासन को बढ़ावा देने, फर्जी एजेंटों से बचाव और प्रवासियों के कल्याण, निवेश और पर्यटन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

अजमेर में पुलिस ने एक संदिग्ध बांग्लादेशी महिला को हिरासत में लिया है। यह कार्रवाई अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई। अजमेर पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन ने बताया कि महिला ने अवैध रूप से भारत में प्रवेश करने की बात स्वीकार की है।

.....

भगवान जगन्नाथ, भगवान बलभद्र और देवी सुभद्रा की रथ यात्रा आज ओडिशा के पुरी में शुरू हो रही है। लगभग 3 किलोमीटर की इस यात्रा का समापन श्री गुंडिचा मंदिर में होगा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस अवसर पर देश और विदेश के लोगों को बधाई दी है।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भी बधाई देते हुए सोशल मीडिया पोस्ट में कामना की कि है कि ये यात्रा सभी के जीवन में श्रद्धा, सेवा, सद्भाव और लोककल्याण की भावना को और अधिक मजबूत करे। इस अवसर पर प्रदेश में भी रथ यात्राओं का आयोजन किया जा रहा है। उदयपुर में जगदीश मंदिर से राजसी वैभव के साथ यात्रा निकाली जायेगी। रथयात्रा में 21 घोड़े, शाही लवाजमा, विभिन्न समाजों की आकर्षक झांकियां, भजन मंडलियां और बड़ी संख्या में श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होंगे। पाली और बारां में रथयात्रा को लेकर लोगों में धार्मिक उल्लास का माहौल है।

नई दिल्ली में आयोजित भारत टेक्स–2026 में राजस्थान का पवेलियन देश–विदेश से आए खरीदारों और आगंतुकों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। जयपुर के गुलाबी नगर की थीम पर तैयार इस पवेलियन का प्रवेश द्वार ऐतिहासिक अजमेरी गेट की तर्ज पर बनाया गया है। पवेलियन में बगरू और सांगानेरी ब्लॉक प्रिंट, कोटा डोरिया, बंधेज, लहरिया, हस्तशिल्प, होम फर्निशिंग और रेडीमेड परिधानों सहित राजस्थान के वस्त्र उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। यहां बगरू ब्लॉक प्रिंट और टाई–एंड–डाई कला का लाइव प्रदर्शन भी किया जा रहा है। अधिकारियों के अनुसार, यह पवेलियन प्रदेश के वस्त्र उद्योग और शिल्पकारों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार से जोड़ने का प्रभावी मंच बन रहा है।